
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीशचन्द्र दुर्गापाल ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

## दूसरी सूची जारी होने के बाद उत्तराखंड कांग्रेस में बगावत के सुर तेज

**बगावत**

संवाददाता

लालकुआं। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2022 की दूसरी सूची जारी होने के बाद उत्तराखंड कांग्रेस में बगावत के सुर तेज हो गए हैं। पार्टी द्वारा लालकुआं विधानसभा से संध्या डालाकोटी को प्रत्याशी घोषित करते ही कांग्रेस में हलचल मच गई है। मंगलवार की सुबह पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल के आवास पर आयोजित महापंचायत में सैकड़ों की संख्या में समर्थक धमक पड़े। जिसके बाद कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर दुर्गापाल को निर्दल चुनाव में उतरने का ऐलान कर दिया।

सोमवार को कांग्रेस ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख संध्या डालाकोटी को लालकुआं विधानसभा का प्रत्याशी घोषित किया। जिससे दुर्गापाल व हरेंद्र बोरा के समर्थकों में आक्रोश फैल गया। मंगलवार की प्रातः



सैकड़ों समर्थक हरीश चंद्र दुर्गापाल के हल्दुचौड़ स्थित आवास पर पहुंच गए। जिन्होंने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दुर्गापाल से निर्दल चुनाव लड़ने का निवेदन किया। करीब तीन घंटे तक चली महापंचायत में चोरगालिया, गौलापार, बरेली रोड, लालकुआं व बिंदुखत्ता के समर्थकों ने दुर्गापाल को समर्थन देते हुए कांग्रेस से इस्तीफा देने का एलान कर दिया। जिसके बाद कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा की उन्होंने हमेशा कांग्रेस के लिए काम किया है। लेकिन समर्थकों की राय सर्वोपरि है। अगर जनता चाहती है तो वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। इस दौरान वह कई बार भावुक हो गए।

**संध्या को समर्थकों ने गेट बंद कर मिलने से रोकाः** मंगलवार की सुबह पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल अपने आवास पर कार्यकर्ताओं से राय सुमारी कर रहे थे। तभी कांग्रेस पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी संध्या डालाकोटी व उनके पति समर्थकों के साथ के उनके आवास पर पहुंच गये। लेकिन दुर्गापाल समर्थकों ने उनका मुख्य द्वार बंद कर दिया और संध्या डालाकोटी के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोशित कार्यकर्ता दुर्गापाल व हरेन्द्र बोरा के पक्ष व कांग्रेस पार्टी के खिलाफ नारे लगाने लगे। काफी देर तक समर्थकों ने संध्या डालाकोटी को दुर्गापाल के घर में घुसने नहीं दिया। जिसके बाद संध्या डालाकोटी और उनके पति कांग्रेसी नेता किरन डालाकोटी समर्थकों के साथ गेट के बहार धरने पर बैठ गईं। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल के पुत्र पंकज दुर्गापाल उनको समझाते रहे कि वह इस समय लौट जाएं क्योंकि कार्यकर्ता अत्यधिक आक्रोशित हैं। इधर गेट के अंदर कार्यकर्ताओं से रायसुमारी के दौरान कांग्रेस से इस्तीफा देने का एलान कर दिया।

## न्यूज डायरी

### किसानों को कृषि उत्पाद दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**संवाददाता** पिथौरागढ़। किसानों को कृषि उत्पाद दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को एसओजी और कोतवाली पुलिस ने दिल्ली में गिरफ्तार किया। गत चार जनवरी को पिथौरागढ़ तहसील के मेलडुंगरी गांव के किसान जोगा सिंह, केडी जोशी सहित अन्य ने पिथौरागढ़ तहसील में तहरीर दी थी। तहरीर में कहा गया था कि मनोज नैनवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर एडनेस आर्गेनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा बीते सितंबर से नवंबर माह के बीच जिले के लगभग 147 किसानों को प्रलोभन देकर किसानों के खेतों में सोलर फेंसिंग लगाने का वादा किया। इस मौके पर किसानों से कृषि, पशुपालन के नाम पर पांच लाख छिहत्तर हजार ,तीन सौ पच्चीस रु पए की धनराशि ली गई।

### प्रेरणादायक कार्यक्रम का यूट्यूब चैनल पर किया प्रसारण

**संवाददाता** देहरादून। डीजेजेएस की आर से दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली से वेबकास्ट श्रृंखला का 90वां संस्करण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को डीजेजेएस के यूट्यूब चैनल पर स्ट्रीम किया गया। इस वर्चुअल कार्यक्रम द्वारा दुनिया भर से हजारों लोगों ने अध्यात्म सागर में गोता लगाया। कार्यक्रम का आरम्भ भक्ति भावनाओं से ओतप्रोत भजनों से हुआ और उसके बाद गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी परमा भारती जी ने आध्यात्मिक प्रवचन प्रस्तुत किए। उन्होंने विचारों के माध्यम से समझाया कि वो साधक भाग्यशाली हैं जिन्हें जीवन में दिव्य आध्यात्मिक गुरु का सान्निध्य प्राप्त हैय क्योंकि सतगुरु ही हैं, जो हमारे आध्यात्मिक विकास को सुनिश्चित करते हैं तथा उसके लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं।

### मतदान के अधिकार को लेकर करण जौहर ने कू ऐप पर फैलाई जागरूकता


**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पहले मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर ने नागरिकों के मतदान अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए भारत के एकमात्र बहुभाषी माइक्रो–ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू ऐप का सहारा लिया है। भारत में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है। इसे लेकर करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कू ऐप पर पोस्ट किया, भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और मतदान हर मतदाता का अधिकार है। कल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस है और इस मौके पर मैं सभी को पहले से याद दिलाना चाहता हूं कि वोट देने के अपने अधिकारों का इस्तेमाल करना न भूलें। हाल ही में करण जौहर कई सामाजिक–राजनीतिक मुद्दों पर मुखर रहे हैं।

## मान्यता को तरस रहे अल्मोड़ा मेडिकल कालेज को मिली मान्यता

**संवाददाता** अल्मोड़ा। एक दशक से मान्यता को तरस रहे अल्मोड़ा मेडिकल कालेज को आखिरकार मान्यता मिल गई है। मार्च माह से 100 सीटों पर काउंसिलिंग पूरी कर कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। जिसके बाद से मेडिकल में पढ़ाई करने वालों को काफी सुविधा मिलेगी।

लंबे समय से उम्मीद कर रहे लोगों की मुराद पूरी हो गई है। मेडिकल कालेज अब इसी सत्र से शुरू हो जाएगा। वर्ष 2004 में तत्कालीन मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने अल्मोड़ा मेडिकल कालेज की घोषणा की थी। मुख्यालय में अल्मोड़ा मेडिकल कालेज का निर्माण वर्ष 2012 में शुरू हुआ था। भवन निर्माण में करीब साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये खर्च हुए। मेडिकल कालेज में फैकल्टी पूरी करने के लिए चिकित्सकों की भर्ती की गई। वहीं मशीनों को इंस्टाल किया गया। भवन बनने के बाद पांच बार मान्यता के लिए नेशनल मेडिकल काउंसिल की टीम निरीक्षण कर चुकी थी। लेकिन मान्यता नहीं मिली। जिसमें दो बार टीम ने स्वयं आकर यहां मेडिकल कालेज की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एक बार आनलाइन निरीक्षण किया गया।

वहीं एक बार टीम को छुट्टी होने के कारण वापस बैरंग लौटना पड़ा। पांचवी बार इस जनवरी माह में मेडिकल कालेज का दो दिवसीय निरीक्षण नेशनल मेडिकल काउंसिल (एनएमसी) की ओर से किया गया। जिसके बाद अब अल्मोड़ा मेडिकल कालेज को मान्यता मिल गई है। जिसका प्रपत्र मेडिकल कालेज के पास पहुंच चुका है।



## बर्फ की सफेद चादर से ढकी दिखीं वादियां और गांव

**संवाददाता** देहरादून। चार दिन से मौसम खराब रहने के बाद जब उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में मंगलवार को धूप खिली तो सुंदर नजारा देखने को मिला। ऊंची–ऊंची वादियां और वहां बसे गांव बर्फ के आगोश में नजर आए। चमोली जनपद में मंगलवार को मौसम सामान्य रहा। यहां चटख धूप खिली, जिससे लोगों को ठंड से राहत मिली। बदरीनाथ धाम का बामणी गांव पूरी तरह से बर्फ से ढक गया है। बदरीनाथ धाम में चारों ओर बर्फ बिछी हुई है। धूप खिलने से बर्फ से ढके बदरीनाथ धाम का सौंदर्य में निखार आ गया है। यमुनोत्रीघाटी में कई दिनों से लगातार बारिश और बर्फबारी के बाद आज मौसम खुल गया। जिसके बाद बर्फबारी का सुंदर नजारा तस्वीरों में कैद किया गया। इसी तरह मसूरी में आज हल्की धूप खिली। पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश से ऊंचाई वाले जिले में जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है।

## टिकट बंटवारे के बाद भाजपा व कांग्रेस में बगावत रुकने का नहीं ले रही नाम

**संवाददाता** अल्मोड़ा। उत्तराखंड में टिकट बंटवारे के बाद भाजपा व कांग्रेस में बगावत रुकने का नाम नहीं ले रही। एक तरफ रामनगर सहित कई जगहों पर कांग्रेस में बगावत हो रही तो वहीं अल्मोड़ा विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बगावत कर दी है। विधानसभा उपाध्यक्ष व विधायक रघुनाथ चौहान का टिकट कटने से उनके समर्थक नाराज हैं। उन्होंने सीएम को इस्तीफा भेज दिया है। इसके साथ ही निर्दलीय चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं।

मंगलवार को पांडेखोला में समर्थकों के साथ बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में विधायक रघुनाथ सिंह चौहान ने कहा कि पार्टी से

### विधानसभा उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा, अल्मोड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बगावत

बगावत करने वालों को टिकट देने से भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष है। उन्होंने कहा कि पहाड़ विरोधी प्रदेश अध्यक्ष के निर्णय से कार्यकर्ता आहत है। उन्होंने कहा कि पांच साल के कार्यकाल में उन्होंने अल्मोड़ा विधानसभा में विकास के कई कार्य किए। इसलिए लोगों का प्यार आज भी मिल रहा है। इसलिए मैंने विधानसभा उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा मुख्यमंत्री को भेज दिया है।

उन्होंने कहा कि अभी मैं चुनाव लड़ूंगा या डीसीबी के अध्यक्ष ललित लटवाल चुनाव लड़ेंगे इस पर निर्णय होना है। लेकिन कार्यकर्ताओं के भावनाओं का सम्मान करते हुए चुनाव लड़ेंगे। इधर डीसीबी के अध्यक्ष ललित लटवाल ने कहा कि अभी उनके पास पार्टी का किसी प्रकार का पद नहीं है। विधानसभा चुनाव लड़ने पर सहमति बन चुकी है। कार्यकर्ताओं के साथ एक दो बैठकें और होनी है। कल तक प्रत्याशी के नाम की भी घोषणा हो जाएगी। लगातार पार्टी से कार्यकर्ता इस्तीफा दे रहे हैं।

बैठक में हरीश कनवाल, सूरज सिराड़ी, अजित कार्की, आनंद कनवाल, रक्षित कार्की, भुवन चन्द्र पांडे, विनीत बिष्ट, गणेश चम्याल, प्रेम लटवाल, हिमांशु बनौला, राजेन्द्र, मोहन, नवीन, अर्जुन, राहुल बोहरा, किशन, जगदीश, संतोष गंगोला, रोहित, शकील अहमद, रवि चंदोला, मदन बिष्ट, चमन मेहता सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पूर्व आईएफएस सनातन सोनकर ने थामा समाजवादी पार्टी का हाथ

**संवाददाता** हरिद्वार। पूर्व आईएफएस सनातन सोनकर कांग्रेस छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। हरिद्वार में कांग्रेस के कई बड़े नेता एसपी में शामिल हुए। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एस एन सचान ने बताया कि जल्दी ही कई और बड़े नेता हरिद्वार में पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं। सनातन सोनकर हरिद्वार की ज्वालापुर विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरने जा रहे हैं। इस मौके पर प्रदेश महासचिव अनिल कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अजय सोनकर, डॉ. कदम सिंह बालियान, प्रदेश सचिव वीरेंद्र सिंह, कार्यालय प्रभारी ज्ञानचंद यादव उपस्थित रहे। सोनकर वर्ष 2016 से लेकर 2019 तक राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक पद पर भी तैनात रहे थे। मूल रूप से यूपी के रहने वाले सोनकर हरिद्वार जिले की ज्वालापुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। सनातन सोनकर ने कहा कि नौकरी में रहते हुए हम केवल नियम–कानूनों का पालन करते हैं, जबकि विधायिका में रहकर हम कानून बना सकते हैं।